>

Title : Need to expedite the construction of railway over bridge in Bikaner and gauge conversion work in Ratangarh-Bikaner line.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, मैं बीकानेर संसदीय क्षेत्र से आता हूं। मैं आपका ध्यान इस शहर की बहुत बड़ी समस्या रेलवे क्रॉसिंग और उस पर निर्मित हो रहे रेलवे ओवर ब्रिज की तरफ दिलाना चाहता हूं। एक ओवर ब्रिज गजनेर रोड पर निर्मित हो रहा है, यह निर्माणाधीन है और इसकी गति बहुत धीमी है। इसके माध्यम से दूसरा आरओबी चौकुंटी रोड पर बनने वाला था लेकिन उसका निर्माण इसलिए नहीं हो पा रहा है क्योंकि पहले एक पूरा होगा। आरओबी, जो गजनेर रोड पर बन रहा है, उसके बनने की अवधि दो साल थी। मैं रेल मंत्री जी से जानना चाहता हूं यह चार साल में भी पूरा क्यों नहीं हुआ? इसे जल्दी पूरा करें ताकि चौकुंटी वाला आरओबी बने।

महोदय, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि आजादी से पहले बीकानेर और दिल्ली के लिए तीन रेलगाड़ियां चलती थी लेकिन अब कोई भी डायरेक्ट ट्रेन नहीं है। इसका कारण है कि गेज परिवर्तन का काम बहुत धीमी गति से हो रहा है। यहां डायरेक्ट ट्रेन नहीं है इसके कारण हमें भी बहुत मुश्किल से आना पड़ता है। गेज परिवर्तन का कार्य जनवरी, 2010 तक पूरा होना था, इसे बढ़ाकर दिसंबर, 2010 किया गया। रेल मंत्रालय इसकी अवधि एक साल और बढ़ा रहे है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि इसकी अवधि नहीं बढ़ानी चाहिए। गेज परिवर्तन का काम दिसंबर, 2010 तक पूरा होना चाहिए।